PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Dainik Bhaskar, Delhi
Mon, 31 Jul 2017, Page 14
Width: 24.49 cms, Height: 25.16 cms, a3, Ref: 43.2017-07-31.101

मन की बात | प्रधानमंत्री ने देश की जनता से किया आह्वान

नए भारत के निर्माण का संकल्प ले हर भारतवासी : पीएम मोदी

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों को अगस्त क्रांति की याद दिलाते हुए मोदी ने इस स्वतंत्रता दिवस पर हर

नागरिक से नए भारत के निर्माण में योगदान का संकल्प लेने तथा अगले पांच वर्षों में इसे सिद्ध करने का अभियान चलाने को कहा है। उन्होंने कहा कि देश इस वर्ष 1942 की अगस्त क्रांति की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। आज से पांच साल बाद 2022 में देश आजादी की 75 वीं वर्षगांठ मनाएगा। यह पांच साल देश के भविष्य के लिए निर्णायक साबित हो सकते हैं।

स्वतंत्रता दिवस पर छोटा रहेगा भाषण

मोदी ने कहा, "लगातार शिकायत मिल रही थी कि स्वतंत्रता दिवस पर भाषण बहुत लंबा हो जाता है। इस बार भाषण छोटा रखने का फैसला किया है। 40 से 50 मिनट में खत्म करने की कोशिश करूंगा। देखते हैं, सफलता मिलती है या नहीं।'

महिला क्रिकेट टीम के प्रदर्शन को सराहा

आईसीसी महिला विश्वकप टूर्नामेंट में उपविजेता रही भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्रशंसा करते हुए मोदी ने कहा कि टीम भले ही फाइनल हार गई, लेकिन इन बेटियों ने सवा सौ करोड़ देशवासियों का दिल जीत लिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, आर्थिक, सामाजिक और खेलकूद का मैदान हो, बेटियां लगातार देश का नाम रोशन कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भारत की बेटियां किसी कार्य को करने में समक्ष हैं और दुनियां भर में अपनी काबलियत से अपनी पहचान बनाने में भी सक्षम हैं। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अब किसी पहचान के लिए के मोहताज नहीं है। प्रधानमंत्री ने महिला क्रिकेट टीम को और अच्छा प्रदर्शन् करने की सलाह दी।

जीएसटी से मजबूत हुई ईमानदारी की संस्कृति: मोदी ने कहा कि जीएसटी का अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर हुआ है। यह कर सुधार नहीं, बल्कि सामाजिक सुधार अभियान है। इससे ईमानदारी की संस्कृति भी मजबूत हुई है। दुनिया के लिए यह केस स्टडी होगा।